पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय, रायपुर (छ.ग.)

Phone No. 0771-2262587 Website : prsu.ac.in, E-mail – dradmin@prsu.ac.in

क्रमांक / 2166 / सा.प्रशा. / सूचना / एफ–01 / 2022 **रायपुर, दिनांक 03 / 06 / 2022**

प्रति,

1. अध्यक्ष, समस्त अध्ययनशाला,
2. समस्त विभागीय अधिकारी,
पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय, रायपुर

विषय :– माह जून 2022 के प्रत्येक शनिवार को कार्यालय खोले जाने के संबंध में।

विषयान्तर्गत पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय कर्मचारी संघ के आहवान् पर विश्वविद्यालय में कार्यरत नियमित तृतीय एवं चतुर्थ वर्ग के समस्त कर्मचारी **दिनांक 17.05.2022 से 01.06.2022 तक** हड़ताल पर रहे, जिससे विश्वविद्यालयीन कार्य प्रभावित हुए हैं।

अतः उक्त हड़ताल अवधि में लंबित हुए कार्यालयीन कार्यों को पूर्ण करने के लिए माह **जून 2022 के प्रत्येक शनिवार** को कार्यालय खोला जाएगा, जिससे कि हड़ताल अवधि में लंबित कार्यो को समयावधि में पूर्ण किया जा सके।

तदनुसार, विश्वविद्यालय में कार्यरत समस्त अधिकारी / कर्मचारी (नियमित / संविदा / दै.वे.भो.) कार्यालयीन समय पर विभाग / अध्ययनशाला में उपस्थित होना सुनिश्चित करें।

आदेशानुसार

कुलसचिव

पृ. क्र. / 2167 / सा.प्रशा. / सूचना / एफ–01 / 2022 **रायपुर, दिनांक 03 / 06 / 2022**

प्रतिलिपिः–

1. अध्यक्ष, समस्त अध्ययनशालाएँ / समस्त विभागीय अधिकारी को इस निर्देश के साथ अग्रेषित कि वे इस सूचना को अपने अधिनस्थ समस्त शिक्षकों / अधिकारियों / कर्मचारियों को अवगत कराते हुए उक्त दिवस पर उनकी उपस्थिति सुनिश्चित कराए।
2. वित्त नियंत्रक, वित्त विभाग को सूचनार्थ।
3. कुलपति / कुलसचिव के निजी सहायक, पं.रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय, रायपुर को सूचनार्थ।

कक्ष अधिकारी (प्रशा.)